राष्ट्रीय समाचार पत्र

जनोदय पंच

बेखौफ, बेधड़क सच

डिजीटल संस्करण

RNI No. MPHIN/25/A2500

www.janodaypunch.com

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा, बुरहानपुर, बड़वानी, धार, खरगोन से प्रसारित

इंदौर-बड़वानी से प्रकाशित | गुरूवार, 26 फरवरी 2026 | कीमत : 1 रुपए

धनोरा, धवली और सिलावद में भगोरिया हाट की धूम, ढोल-मांदल पर थिरका जनसैलाब

पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने सिलावद भगोरिया में बजाया ढोल, धवली भगोरिया में शामिल हुए भाजपा नेता विकास आर्य

रंग, परंपरा और उत्साह के बीच सज उठे जिले के भोंगर्या हाट, जिले में 2 मार्च तक अलग-अलग स्थानों पर लगेगा भगोरिया हाट, प्रशासन सतर्क,



रमन बोरखड़े, बड़वानी-सेंधवा

बड़वानी-सेंधवा। जिले में भगोरिया हाट मेले की रौनक चरम पर है। सिलावद सहित कई गांवों में दूसरे हाट में हजारों ग्रामीण शामिल हुए। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने ढोल बजाकर सहभागिता की। प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए हैं। उत्सव 2 मार्च तक जारी रहेगा।

सिलावद में उमड़ा उत्साह

बड़वानी जिले में आदिवासी संस्कृति के प्रतीक भोंगर्या हाट मेले की धूम मची हुई है। बुधवार को सिलावद समेत कई गांवों में दूसरा हाट लगा, जहां हजारों ग्रामीण ढोल-मांदल की थाप पर थिरकते नजर आए। मेले में लोक संस्कृति के विविध रंग दिखाई दिए।

पूर्व मंत्री की सहभागिता, निकली शोभायात्रा

सिलावद के मेले में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल भी शामिल हुए। उन्होंने ढोल







बजाया और ग्रामीणों के साथ नृत्य किया। इस दौरान स्टेट हाईवे से एक बड़ी शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुराने थाना ग्राउंड पहुंची। इसमें हजारों लोग शामिल रहे।

बाजार की रौनक

मेले में आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे। युवाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और मोबाइल पर सेल्फी लीं। हाट में सजी दुकानों से लोगों ने होली का सामान, हार-कंगन, खजूर और जलेबी खरीदी। बच्चों ने झूलों और कुल्फी का आनंद लिया।

सुरक्षा और आगामी कार्यक्रम

भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन की टीम दिनभर तैनात रही। पानी के टैंकर और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। गुरुवार को तीसरा भोंगर्या हाट पाटी, राजपुर, दवाना और बलवाड़ी में लगेगा। 27 फरवरी को ठीकरी, वरला, तलवाड़ाडेब में आयोजन होगा। 28 फरवरी को ओझर, खेतिया, गंधावल में हाट लगेगा। 1 मार्च को बड़वानी, सेंधवा, पानसेमल और 2 मार्च को अंजड़, निवाली, जुलवानिया में आयोजन निर्धारित है

धनोरा और धवली में भोंगर्या हाट में उमड़ा जनसैलाब, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

जनोदय पंच। सेंधवा।

सेंधवा के धवली और धनोरा में आयोजित पारंपरिक भोंगर्या हाट में हजारों लोगों की भागीदारी रही। धवली के भोंगर्या हाट में भाजपा नेता विकास आर्य शामिल हुए। आर्य ने बाजार से सामग्री खरीदारी करते हुए मांदल पर नृत्य भी किया। गैर जुलूस से शुरुआत हुई और ढोल-मांदल की थाप पर उत्सव चरम पर पहुंचा। बाजार में खरीददारी और झूलों का आनंद लिया गया। पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था संभाली। सेंधवा के धनोरा में पारंपरिक भगोरिया हाट का आयोजन उल्लास के साथ हुआ। हाट की शुरुआत गांव पटेल के नेतृत्व में गैर के रूप में निकले जुलूस से हुई। ढोल और मांदल की थाप पर युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर हाट बाजार पहुंचे। रंग-बिरंगी पोशाकों और पारंपरिक आभूषणों से सजे युवक-युवतियों की टोलियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

बाजार में दिनभर रही चहल-पहल

हाट बाजार में दिनभर विभिन्न दुकानों पर भीड़ रही। हार, कंगन, श्रृंगार सामग्री के साथ खजूर, संतरे, अंगूर और अन्य खाद्य पदार्थों की खरीददारी हुई। ग्रामीणों ने पारंपरिक वस्त्र और घरेलू उपयोग की सामग्री भी खरीदी। आयोजन के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। टीआई ओपी चौंगडे, चौकी प्रभारी केशव यादव सहित पुलिस बल और ग्राम रक्षा समिति के सदस्य तैनात थे। प्रमुख प्रवेश मार्गों पर बैरिकेटिंग कर वाहनों को रोका गया। दोपहर बाद हाट बाजार क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया।



निमाड़ क्षेत्र का एकमात्र वृहद शिक्षण संस्थान समूह

सरदार पटेल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस, सेंधवा

• D.Pharma 2 Year Course

• B.Pharma 4 Year Course

योग्यता- 12वीं जीव विज्ञान/गणित विषय में उत्तीर्ण 45% अंक के साथ. अजा, अजजा, पि. वर्ग के विद्यार्थियों को शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 95846 39000, 74899 22121

कॉलेज कैंपस - ग्राम सिलदड़ एवं चाटली (सेंधवा)

सिटी ऑफिस - शिव कॉलोनी, निवाली रोड, सेंधवा

90097 22208, 98268 46868

74899 22123, 95846 39000

तकनीकी शिक्षा पाठ्यक्रम

B.E. CS, ME, EC, Civil, EE, Fire Tech & Safety

4 Year Course, योग्यता: 12वीं उत्तीर्ण (गणित विषय)

POLYTECHNIC

ME, Civil, EE 3 Year Course, योग्यता: 10वीं उत्तीर्ण

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 90099 89208, 84359 89208, 98269 33134

शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

B.P.Ed. 2 वर्षीय पाठ्यक्रम

योग्यता: किसी भी विषय में स्नातक/स्नातकोत्तर

M.Ed. 2 वर्षीय पाठ्यक्रम

योग्यता - बी.एड. / डी.एल.एड. एवं स्नातक

प्रवेश हेतु संपर्क करें...

7697889208, 74899 22125, 74899 22126, 9131779768, 95846 3900

विधि शिक्षण पाठ्यक्रम

विद्या ददाति विनयं

L.L.B. 3 वर्षीय पाठ्यक्रम

B.A.L.L.B. 5 वर्षीय पाठ्यक्रम

B.B.A.L.L.B. 5 वर्षीय पाठ्यक्रम

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 9516489208,9826846868, 95846 39000

व्यावसायिक प्रबंधन शिक्षा पाठ्यक्रम

MBA 2 वर्षीय पाठ्यक्रम

योग्यता : स्नातक किसी भी विषय में

उपरोक्त सभी पाठ्यक्रम में प्रवेश मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार

SC/ST/OBC के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

प्रवेश हेतु संपर्क करें... 95164 89208, 90099 89208